**Land to Sadhu Vaswani Mission for Schools**

2127. SHRI MOHD. KHALEELUR RAHMAN: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state

(a) whether the block of building constructed by the Sadhu Vaswani Mission on the 2.5 acre plot reserved in the Shantiniketan Colony New. Delhi for Primary School is still being used by them for Nursery classes, even when their multistoreyed Higher Secondary School building is ready;

(b) whether this Mission has been allotted another plot of land in the above Colony for Primary School despite the stiff opposition from the Shantiniketan Residents Association (Regd.) according to which there is no need for such **a** school;

(c) if so the reasons therefor; and

(d) whether Government propose to back down isuch a proposal ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI DALBIR SINGH) : (a) A plot of land measuring 2.5 acres earmarked for Primary School in the Shanti Niketan Colony, New Delhi was allotted to Sadhu Vaswani Mission for construction of a Primary School. Subsequently, on the request of the Mission, the permisision to construct Higher Secondary School on the land meant for Primary School was given on the specific recommendation of the Directorate of Education, Delhi Administration. On an inspection it has been found that the Mission is alsoi running Nursery classes in the School.

(b) No other plot of land has been allotted to the Mission in this, colony for Primary School.

(c) and (d) Do not arise in view of reply to pnrt (b) nbove.

**मद्य निषेध कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान पाने वाली संस्थाओं की संख्या**

2128. श्री सुनील कुमार पट्टनायक : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय द्वारा गत पांच वर्षों के दौरान मद्य निषेध कार्यक्रम के अन्तर्गत कितनी संस्थाओं को कितना-कितना अनुदान दिया गया है और इन संस्थाओं के नाम और पते सहित पूर्ण ब्यौरा क्या है ;

(ख) यदि हां, तो गत पांच वर्षों के दौरान ऐसी संस्थाओं के पदाधिकारियों के नाम, पते, व्यवसाय इत्यादि सहित पूर्ण ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) और (ख) का उत्तर "हां" हो, तो गत पांच वर्षों के दौरान ऐसी संस्थाओं से लाभान्वित होते वाले व्यक्तियों के नाम तथा पतों सहित ब्यौरा क्या है ?

कल्याण मंत्रालय की राज्य मंत्री (डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी) : (क) और (ख) 1984-85 से 1988-89 तक के वर्षों के दौरान, मद्यनिषेध को बढ़ावा देने हेतु शैक्षिक और प्रचार कार्यक्रमों के लिए जिन स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिया गया उनके नाम और पते दर्शाने वाला एक विवरण संलग्न है [देखिए परिशिष्ट 151, अनुपत्र सं० 128] ।

(ग) शराब पीने जैसी सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए इसके बुरे प्रभावों के संबंध में निरंतर शैक्षिक प्रचार अपेक्षित है । न केवल इस बुराई से लोगों को हटाने बल्कि अन्यों को इस आदत का शिकार बनने से रोकने के लिए सतत प्रयास करने होंगे । ऐसे कार्यक्रमों के प्रभावों को मात्रात्मक रूप नहीं दिया जा सकता ।